**Series : WXYZ/S**

**SET ~ 4**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

**प्रश्न-पत्र कोड**
**Q.P. Code** **62/S**

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# समाजशास्त्र
# SOCIOLOGY

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **80***

**नोट / NOTE** #

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं।
Please check that this question paper contains **23** printed pages.

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **35** प्रश्न हैं।
Please check that this question paper contains **35** questions.

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
**Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *यह प्रश्न-पत्र* ***चार*** *खण्डों में विभाजित किया गया है –* ***खण्ड क, ख, ग*** *तथा* ***घ*** *।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल* ***35*** *प्रश्न हैं।* ***सभी*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं।*

*(iii)* ***खण्ड क*** *में प्रश्न संख्या* ***1 – 16*** *हैं। ये वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है। प्रश्न के आधार पर, सिर्फ एक ही उत्तर हो सकता है।*

*(iv)* ***खण्ड ख*** *में प्रश्न संख्या* ***17 – 25*** *हैं। ये अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 30 शब्दों में दीजिए।*

*(v)* ***खण्ड ग*** *में प्रश्न संख्या* ***26 – 32*** *हैं। ये लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 80 शब्दों में दीजिए।*

*(vi)* ***खण्ड घ*** *में प्रश्न संख्या* ***33 – 35*** *हैं। ये दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 6 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 200 शब्दों में दीजिए।*

*(vii)* *रेखाचित्र की सहायता से प्रश्न संख्या* ***33*** *का उत्तर दीजिए।*

## खण्ड क

**1.** *अभिकथन (A) :* आकारिक जनसांख्यिकी प्रमुख रूप से जनसंख्या परिवर्तन के संघटकों के विश्लेषण तथा मापन से संबंध रखती है।

*कारण (R) :* इसके अंतर्गत मात्रात्मक विश्लेषण पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया जाता है जिसके लिए अत्यंत विकसित गणितीय विधि अपनाई जाती है।

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *The question paper is divided into **four** sections — **Section A, B, C** and **D**.*

*(ii)* *There are **35** questions in all. **All** questions are **compulsory**.*

*(iii)* ***Section A** includes questions no. **1 – 16**. These are Objective Type Questions, carrying 1 mark each. As per the question there can be one answer.*

*(iv)* ***Section B** includes questions no. **17 – 25**. These are Very Short Answer type questions, carrying 2 marks each. Answer to each question should not exceed 30 words.*

*(v)* ***Section C** includes questions no. **26 – 32**. These are Short Answer type questions, carrying 4 marks each. Answer to each question should not exceed 80 words.*

*(vi)* ***Section D** includes questions no. **33 – 35**. They are Long Answer type questions, carrying 6 marks each. Answer to each question should not exceed 200 words each.*

*(vii)* *Question no. **33** is to be answered with the help of given graphics.*

## SECTION A

**1.** *Assertion (A) :* Formal demography is primarily concerned with the measurement and analysis of the components of population change.

*Reason (R) :* Its focus is on quantitative analysis for which it has a highly developed mathematical methodology.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**2.** *अभिकथन (A) :* आयु संरचना में परिवर्तन, विकास स्तर और औसत जीवन प्रत्याशा में परिवर्तन को दर्शाता है।

*कारण (R) :* आर्थिक विकास, जीवन की गुणवत्ता में सुधार, जीवन प्रत्याशा में सुधार जैसे कारक आयु संरचना से संबंधित नहीं हैं।

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

**3.** "सामाजिक भेदभाव आकस्मिक या अनायास रूप से नहीं बल्कि व्यवस्थित तरीके से होता है।"

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन की उचित व्याख्या करता है ?

(I) व्यक्ति या समूह को समाज में पूरी तरह से घुलने-मिलने से रोका जाता है।

(II) सामाजिक भेदभाव स्वेच्छापूर्वक होता है।

(III) यह व्यवस्थित एवं संरचनात्मक है।

(IV) व्यक्ति या समूह को उन अवसरों से वंचित करते हैं जो अधिकांश जनसंख्या के लिए खुले होते हैं।

**विकल्प :**

(A) (I) और (II)

(B) (I), (II) , (III) और (IV)

(C) (II) और (III)

(D) (I), (III) और (IV)

**4.** *अभिकथन (A) :* अकसर यह मान लिया जाता है कि स्त्रियों के अधिकारों के लिए समाज सुधार की लड़ाई पूर्ण रूप से पुरुष सुधारकों द्वारा ही लड़ी गई थी और यह भी कि स्त्रियों की समानता के विचार बाहर से आयातित थे।

*कारण (R) :* 'स्त्री पुरुष तुलना' 1882 में ताराबाई शिंदे द्वारा लिखी गई थी, जो कि एक महाराष्ट्रीय गृहिणी थी तथा 'सुल्ताना का सपना' बेगम रोकिया सखावत हौसेन ने लिखी थी।

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

2. *Assertion (A) :* Changes in age structure reflect changes in the development level and average life expectancy.

*Reason (R) :* Factors like economic development, improvement of quality of life, improved life expectancy are not related with age structure.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

3. "Social exclusion is not accidental but systematic – it is the result of structural features of society."

Which of the following appropriately explains the statement ?

(I) Individuals may become cut-off from full involvement in the wider society.

(II) Social discrimination happens voluntarily.

(III) It is systematic and patterned.

(IV) It prevents individuals or groups from having opportunities open to the majority of the population.

**Options :**

(A) (I) and (II) (B) (I), (II), (III) and (IV)

(C) (II) and (III) (D) (I), (III) and (IV)

4. *Assertion (A) :* It is often assumed that the fight for social reform for women's rights was fought entirely by male reformers and that the ideas of women's equality are alien imports.

*Reason (R) :* 'Stree Purush Tulana' was written in 1882 by Tarabai Shinde, a Maharashtrian housewife and 'Sultana's Dream' was written by Begum Rokeya Sakhawat Hossain.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**5.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन नागरिक समाज के संबंध में सही ***नहीं*** है ?

(A) यह परिवार के निजी क्षेत्र से परे है।

(B) इसमें सामूहिक कल्याण के लिए लोगों की भागीदारी शामिल है।

(C) इसमें राजनैतिक दल, जनसंचार की संस्थाएँ, मजदूर संघ, धार्मिक संगठन शामिल होते हैं।

(D) नागरिक समाज में शामिल होने की मुख्य कसौटियाँ यह हैं कि संगठन राज्य-नियंत्रित होना चाहिए, और यह विशुद्ध रूप से वाणिज्यिक मुनाफा कमाने वाला तत्त्व है।

*निम्नलिखित* गद्यांश *के आधार पर, प्रश्न संख्या 6 और 7 के उत्तर दीजिए।*

"भूमि-सुधारों ने पहले के दावेदारों से अधिकार छीन लिए थे। ये दावेदार ऊँची जातियों के ऐसे सदस्य होते थे जो लगान वसूल करने के अलावा खेतिहर अर्थव्यवस्था में कोई भूमिका अदा नहीं करते थे।"

**6.** ये दावेदार कृषि अर्थव्यवस्था में कोई भूमिका अदा नहीं करते थे क्योंकि :

(I) ये दावेदार अक्सर उस गाँव में भी नहीं रहते थे।

(II) वे अनुपस्थित यानी दूरवासी जमींदार थे।

(III) ये मध्यवर्ती जातियाँ निम्न जातियों के मज़दूरों पर आश्रित नहीं थीं।

(IV) ये क्षेत्रीय राजनीति तथा खेतिहर अर्थव्यवस्था में कोई भूमिका अदा नहीं करती थीं।

**विकल्प :**

(A) (I), (II) और (III)

(B) (I) और (II)

(C) (III) और (IV)

(D) (I), (II), (III) और (IV)

**7.** निम्नलिखित में से कौन-सा अगले स्तर के दावेदारों को इंगित नहीं करता है जो कृषि के प्रबंधन में तो शामिल थे पर स्वयं भूमि नहीं जोतते थे ?

(A) कर्नाटक के वोक्कालिगा

(B) आन्ध्र प्रदेश के रेड्डी

(C) महाराष्ट्र के गोंड

(D) उत्तर प्रदेश के यादव

**5.** Which of the following statements is ***not*** true regarding civil society ?

(A) It lies beyond the private domain of the family.

(B) It involves participation of people for collective welfare.

(C) It includes political parties, media institutions, labour unions, religious organisations.

(D) The main criteria for inclusion in civil society are that the organisation should be state-controlled, and it should be a purely commercial profit-making entity.

*Based on the following passage, answer Q.No. 6 and 7.*

"The land reforms took away rights from the erstwhile claimants. These claimants were members of upper castes who played no part in agricultural economy other than claiming their rent."

**6.** These claimants did not play any role in the agricultural economy because :

(I) They frequently did not live in the village.

(II) They were 'absentee landlords'.

(III) These intermediate castes, were not dependent on the labour of the lower caste.

(IV) They did not play a decisive role in regional politics and the agrarian economy.

**Options :**

(A) (I), (II) and (III) (B) (I) and (II)

(C) (III) and (IV) (D) (I), (II), (III) and (IV)

**7.** Which of the following does not indicate the next layer of claimants who were involved in the management of agriculture but were not themselves the cultivators ?

(A) Vokkaligas of Karnataka

(B) The Reddys of Andhra Pradesh

(C) Gonds of Maharashtra

(D) The Yadavs of Uttar Pradesh

**8.** *अभिकथन (A) :* भारतीय राष्ट्रवादियों ने अनुमान लगाया कि तीव्र और वृहद औद्योगीकरण के द्वारा आर्थिक स्थिति में आवश्यक सुधार किए जा सकते हैं जिनसे विकास और सामाजिक न्याय हो पाएगा।

*कारण (R) :* आधुनिक विचारों के द्वारा लोगों ने अनुभव किया कि गरीबी को दूर किया जा सकता है।

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

*निम्नलिखित अनुच्छेद के आधार पर, प्रश्न संख्या 9 और 10 के उत्तर दीजिए।*

"विश्व व्यापार संगठन (डब्लू.टी.ओ.) में भागीदारी अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार से प्रतिस्पर्धा कृषि के भूमंडलीकरण की प्रक्रिया अथवा कृषि को विस्तृत अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में सम्मिलित किए जाने के संकेत हैं – वह प्रक्रिया जिसका किसानों और ग्रामीण समाज पर सीधा प्रभाव पड़ा है। उदाहरणार्थ पंजाब और कर्नाटक जैसे कुछ क्षेत्रों में किसानों को बहुराष्ट्रीय कंपनियों (जैसे पेप्सी, कोक) से कुछ निश्चित फसलों (जैसे टमाटर और आलू) उगाने की संविदा दी गई है।"

**9.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ***ग़लत*** है ?

(A) संविदा खेती लोगों को उत्पादन प्रक्रिया से अलग कर देती है।

(B) कृषि का स्वदेशी ज्ञान अप्रासंगिक हो गया है।

(C) यह बहुधा पर्यावरणीय दृष्टि से सुरक्षित होती है।

(D) संविदा खेती अंगूर, अनार, अंजीर, फल, कपास के लिए बहुत सामान्य है।

**10.** उदारीकरण की नीति का कृषि तथा ग्रामीण समाज पर बहुत महत्त्वपूर्ण प्रभाव पड़ा क्योंकि :

(I) इस नीति के अन्तर्गत विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यू.टी.ओ.) में भागीदारी होती है।

(II) इसका उद्देश्य अधिक मुक्त अंतर्राष्ट्रीय व्यापार व्यवस्था लाना है।

(III) इसमें भारतीय बाज़ारों को आयात हेतु खोलने की आवश्यकता है।

(IV) भारतीय किसान अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार से प्रतिस्पर्धा हेतु प्रस्तुत नहीं हैं।

**विकल्प :**

(A) (I) और (IV)

(B) (III) और (IV)

(C) (I), (II) और (III)

(D) केवल (IV)

8. *Assertion (A) :* Indian nationalists saw rapid industrialisation of the economy as the path towards both growth and social equity.

*Reason (R) :* Modern ideas made people realise that poverty was preventable.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

*Based on the following passage, answer Q.No. 9 and 10.*

"The policy of liberalization entails participation in the World Trade Organization (WTO), thus bringing about competition from the global market. This indicates further, the process of globalisation of agriculture, or the incorporation of agriculture into the larger global market – a process that has had direct effects on farmers and rural society. For instance, in some regions such as Punjab and Karnataka, farmers enter into contracts with multinational companies (such as PepsiCo) to grow certain crops (such as tomatoes and potatoes)."

9. Which of the following statements is ***incorrect*** ?

(A) Contract farming disengages people from the production process.

(B) Indigenous knowledge of agriculture becomes irrelevant.

(C) It is often environmentally safe.

(D) Contract farming is very common for grapes, pomegranates, figs, fruits, cotton.

10. The policy of liberalization has had a very significant impact on agriculture and rural society because :

(I) The policy entails participation in the World Trade Organisation (WTO).

(II) It aims to bring about a more free international trading system.

(III) This requires the opening up of Indian market to imports.

(IV) Indian farmers are not exposed to competition from the global market.

**Options :**

(A) (I) and (IV)

(B) (III) and (IV)

(C) (I), (II) and (III)

(D) Only (IV)

**11.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सुधारवादी आंदोलनों के संबंध में सही है ?

(A) रूस में बोल्शेविक क्रांति ने ज़ार को अपदस्थ करके साम्यवादी राज्य की स्थापना की।

(B) नक्सली आंदोलन, दमनकारी भूस्वामियों तथा राज्य अधिकारियों को हटाना चाहते थे।

(C) केरल में इज़वाहा समुदाय के लोगों ने नारायण गुरु के नेतृत्व में अपनी सामाजिक प्रथाओं को बदला।

(D) भारतीय राज्यों को भाषा के आधार पर पुनर्गठित करना।

**12.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सामाजिक आंदोलन के लिए सही ***नहीं*** है ?

(A) सामाजिक आंदोलनकारी, लोगों को उनसे संबंधित मुद्दों पर प्रेरित करने के लिए सभाएँ करते हैं।

(B) सामाजिक आंदोलन सामूहिक एजेंडा को आगे बढ़ाने में आम सहमति के लिए लोगों को तैयार नहीं करवाते हैं।

(C) सामाजिक आंदोलन विरोध के विभिन्न साधनों को भी विकसित करता है।

(D) सरकार पर दबाव बनाने के लिए संचार और जनमत तैयार करते हैं।

**13.** *अभिकथन (A) :* तालाबन्दी की दशा में, व्यवस्थापक मिल का दरवाजा बंद कर देते हैं और मज़दूरों को अंदर जाने से रोकते हैं।

*कारण (R) :* व्यवस्थापक अतिरिक्त मज़दूरों को बुलाने का प्रयास करते हैं।

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

11. Which of the following statements is correct regarding the reformist movement ?

(A) The Bolshevik Revolution in Russia deposed the Tsar to create a communist state.

(B) The Naxalite Movement sought to remove oppressive landlords and state authorities.

(C) People in the Ezhava community in Kerala were led by Narayan Guru to change their social practices.

(D) Campaign for reorganisation of Indian states on linguistic basis.

12. Which of the following statements is ***not*** true for social movements ?

(A) Social Movement activists hold meetings to mobilize people around the issues that concern them.

(B) Social Movements do not prepare people for consensus in pursuing the collective agenda.

(C) Social Movements develop distinct modes of protest.

(D) They create communication and public opinion to put pressure on the government.

13. *Assertion (A) :* In lockout, the management shuts the gate and prevents workers from coming.

*Reason (R) :* Managers try to use substitute labour.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**14.** *अभिकथन (A) :* औद्योगीकरण कुछ एक स्थानों पर जबरदस्त समानता लाता है।

*कारण (R) :* भेदभाव के पुराने स्वरूपों को नए कारखानों और कार्यस्थलों में अभी भी देखा जा सकता है।

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

**15.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सांस्कृतिक विविधता के संदर्भ में सत्य है ?

(A) भारत में एक ही प्रकार के सामाजिक समूह एवं समुदाय निवास करते हैं।

(B) समुदाय सांस्कृतिक चिन्हों जैसे भाषा, धर्म, संप्रदाय, नस्ल या जाति द्वारा परिभाषित किए जाते हैं।

(C) 'विविधता' शब्द समानताओं के बजाय अंतरों पर बल देता है

(D) विविध प्रकार के समुदायों में किसी भी प्रकार संघर्ष या प्रतिस्पर्धा उत्पन्न नहीं होती है।

**16.** निम्नलिखित कथनों को सही क्रम में लिखिए।

(I) मुस्लिम समाज सुधारकों ने बहुविवाह और पर्दा प्रथा पर सक्रिय स्तर पर बहस की।

(II) जहाँआरा शाह नवास ने अखिल भारतीय मुस्लिम महिला सम्मेलन में, बहुविवाह की कुप्रथा के विरुद्ध प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

(III) बहुविवाह के खिलाफ लाए गए प्रस्ताव से उर्दू भाषा के अखबारों, पत्रिकाओं आदि में एक बहस छिड़ गई।

(IV) पंजाब से निकलने वाली महिलाओं की एक पत्रिका 'तहसिब-ए-निस्वान' ने खुल कर बहुविवाह-विरोधी इस प्रस्ताव का समर्थन किया, जबकि अन्य पत्रिकाओं ने इसका विरोध किया।

**विकल्प :**

(A) (II), (III), (I), (IV)
(B) (I), (II), (III), (IV)
(C) (II), (IV), (I), (III)
(D) (IV), (III), (II), (I)

**14.** *Assertion (A) :* Industrialisation leads to greater equality, at least in some spheres.

*Reason (R) :* Older forms of discrimination may persist even in new factory or workplace settings.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**15.** Which of the following statements is true with reference to cultural diversity ?

(A) The same type of social groups and communities live in India.

(B) There are communities defined by cultural markers such as language, religion, sect, race or caste.

(C) The term 'diversity' emphasises differences rather than equalities.

(D) There is no conflict or competition of any kind among diverse communities.

**16.** Put the following statements in the correct order.

(I) Muslim social reformers actively debated the meaning of polygamy and purdah.

(II) A resolution against the evils of polygamy was proposed by Jahanara Shah Nawas at the All India Muslim Ladies Conference.

(III) The resolution condemning polygamy caused considerable debate in the Muslim press.

(IV) Tahsib-e-Niswan, the leading journal for women in Punjab came out in favour of the resolve, but others disapproved.

**Options :**

(A) (II), (III), (I), (IV) (B) (I), (II), (III), (IV)

(C) (II), (IV), (I), (III) (D) (IV), (III), (II), (I)

## खण्ड ख

**17.** "आश्चर्यजनक तथ्य तो यह है कि निम्नतम बाल स्त्री-पुरुष अनुपात भारत के सबसे अधिक समृद्ध क्षेत्रों में पाए जाते हैं। भारत के आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, इसी तरह महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में भी प्रति व्यक्ति आय बहुत उच्च है, लेकिन इन्हीं राज्यों में बाल स्त्री-पुरुष अनुपात बहुत निम्न है (तदर्थ)। इसलिए चयनात्मक गर्भपातों की समस्या गरीबी या अज्ञान अथवा संसाधनों के अभाव के कारण उत्पन्न नहीं हुई है।"

चयनात्मक गर्भपात, भारत के सबसे अधिक समृद्ध क्षेत्रों में क्यों पाए जाते हैं ? *1+1=2*

**18.** (क) क्या भारत में क्षेत्रीय तथा जनजातीय राष्ट्रीय पहचान और राज्यत्व के निर्माण के लिए भाषा ही एकमात्र अत्यंत सशक्त साधन है ? अपने उत्तर की उचित कारण से पुष्टि कीजिए। *1+1=2*

**अथवा**

(ख) "अल्पसंख्यक समूह को किसी एक अर्थ में तो सुविधावंचित कहा जा सकता है, लेकिन दूसरे अर्थ में नहीं।" उपयुक्त उदाहरणों के साथ कथन का समर्थन कीजिए।

**19.** "गाँधी ने प्रतिदिन के जन उपभोग की चीज़ों को चुना और उन्हें प्रतिरोध का प्रतीक बना दिया।" दो प्रतीकों की पहचान कीजिए और प्रतिरोध के प्रतीक के रूप में किसी एक का उपयोग दिखाइए। *1+1=2*

**20.** (क) धनी किसान अक्सर फसल काटने के लिए प्रवासन वाले मज़दूरों को प्राथमिकता क्यों देते हैं ? *2*

**अथवा**

(ख) बेनामी हस्तांतरण से भूस्वामी किस प्रकार अपनी भूमि पर नियंत्रण बनाए हुए थे ?

**21.** "भूमि संपत्ति का एक महत्त्वपूर्ण प्रकार भी है। लेकिन भूमि न तो केवल 'उत्पादन का साधन' है और न ही केवल 'संपत्ति का एक प्रकार'। न ही केवल कृषि है जो कि उनकी जीविका का एक प्रकार है।"

उदाहरण देते हुए कृषि एवं संस्कृति के बीच का घनिष्ठ संबंध दिखाइए। *1+1=2*

**22.** "भारत में सूचना तकनीक की वृद्धि को वर्णित करने के लिए प्राय: एक सूक्ति सुनने में आती है 'नॉलेज इकॉनोमी' (ज्ञान आर्थिकी), लेकिन आप एक किसान की दक्षता की तुलना किससे करेंगे जो यह जानता है कि कई सौ फसलों को कैसे उगाया जाता है। क्या आप उसकी मौसम, मिट्टी और बीज की समझ पर विश्वास करेंगे या कि एक सॉफ्टवेयर व्यवसायी पर ?"

'नॉलेज इकॉनोमी' पर हैरी ब्रेवरमैन क्या कहते हैं ? *2*

## SECTION B

**17.** "It is striking that the lowest child sex ratios are found in the most prosperous regions of India. According to the Economic Survey for a recent year, Maharashtra, Punjab, Haryana, Chandigarh and Delhi are having high per capita income and the child sex ratio of these states is still low. So the problem of selective abortions is not due to poverty or ignorance or lack of resources."

Why are selective abortions prevalent in the most prosperous regions of India ? *1+1=2*

**18.** (a) Is language the only most powerful instrument for the formation of ethno-national identity and statehood in India ? Substantiate your answer with a suitable reason. *1+1=2*

**OR**

(b) "Minority group can be called disadvantaged in one sense but not in the other." Support the statement with suitable examples.

**19.** "Gandhi took items of everyday mass consumption and transformed them into symbols of resistance." Identify the two symbols and show the use of any one symbol of resistance. *1+1=2*

**20.** (a) Why do wealthy farmers often prefer to employ migrant workers for harvesting ? *2*

**OR**

(b) How did benami transfers enable the landowners to keep control over their land ?

**21.** "Land is also the most important form of property. But land is not just a 'means of production', nor just a 'form of property'. Nor is agriculture just a form of livelihood."

Give examples to show the close connection between agriculture and culture. *1+1=2*

**22.** "We often hear the phrase 'knowledge economy' to describe the growth of IT sector in India. But how do you compare the skills of a farmer who knows how to grow many hundreds of crops relying on his or her understanding of the weather, the soil and the seeds, with the knowledge of a software professional ?"

What does Harry Braverman say about 'knowledge economy' ? *2*

**23.** "अब भारतीय दुकानों पर विदेशी वस्तुएँ आसानी से उपलब्ध हो जाती हैं । उदारीकरण के परिणामस्वरूप बहुत सी भारतीय कंपनियों – छोटी एवं बड़ी को बहुदेशीय कंपनियों ने खरीद लिया है। साथ ही कुछ भारतीय कंपनियाँ बहुदेशीय कंपनियाँ-छोटी एवं बड़ी बन गई हैं।"

विनिवेश किसे कहते हैं ? सरकारी कर्मचारी इससे भयभीत क्यों हैं ? *1+1=2*

**24.** "जाति भारतीय उपमहाद्वीप से जुड़ी अनूठी संस्था है। हालाँकि विश्व के अन्य भागों में भी समान प्रभाव उत्पन्न करने वाली सामाजिक व्यवस्थाएँ पाई जाती हैं, परंतु जाति व्यवस्था अपने आप में अपवाद ही है। हालांकि, यह हिन्दू समाज की संस्थात्मक विशेषता है, पर इसका प्रचलन भारतीय उपमहाद्वीप के अन्य धार्मिक समुदायों में भी फैला हुआ है।"

वर्ण और जाति के बीच का अंतर बताइए। *1+1=2*

**25.** "हममें से हर कोई एक परिवार में उत्पन्न हुआ है और हममें से अधिकांश लोग परिवार में अनेक वर्ष बिताते हैं । आमतौर पर हम अपने परिवार से गहरा लगाव महसूस करते हैं । कभी-कभी हम अपने माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी, सहोदर भाई-बहनों, चाचा-चाची, मामा-मामी तथा चचेरे, ममेरे भाई बहनों के बारे में बहुत लगाव महसूस करते हैं, जबकि दूसरों के बारे में हम ऐसा महसूस नहीं करते।"

प्रभुत्त्व के आधार पर परिवार के विविध रूपों की व्याख्या कीजिए। *1+1=2*

## खण्ड ग

**26.** "विकास की अनिवार्यताओं ने जनजातियों के प्रति राज्य के रुख या अभिवृतियों को शासित किया है और राज्य की नीतियों को आकार दिया है।"

राष्ट्रीय विकास और जनजातीय विकास के बीच संघर्ष के स्रोतों पर प्रकाश डालिए। *4*

**27.** "यह सच है कि कठोर परिश्रम तथा व्यक्तिगत योग्यता महत्त्वपूर्ण है। यदि बाकी सभी चीज़ें बराबर हों, तब व्यक्तिगत प्रयास, योग्यता एवं भाग्य ही व्यक्तियों के बीच के अंतर के लिए उत्तरदायी है। लेकिन जैसाकि हमेशा होता है सभी चीजें एक समान नहीं होती हैं।

प्रत्येक समाज में कुछ लोगों के पास धन, संपदा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं शक्ति जैसे मूल्यवान संसाधनों का दूसरों की अपेक्षा ज़्यादा बड़ा हिस्सा होता है।"

सामाजिक संसाधनों को पूँजी के तीन रूपों में कैसे विभाजित किया जाता है ? समझाइए। क्या पूँजी के यह रूप आपस में घुले-मिले होते हैं ? अपने उत्तर के लिए कारण बताइए। *1+1+1+1=4*

**23.** "Foreign products are now easily available in Indian shops. As a result of liberalisation, many Indian companies – small and large, have been bought over by multinationals. At the same time, some Indian companies are becoming multinational companies."

What is disinvestment and why are government employees afraid of it ? *1+1=2*

**24.** "Caste is an institution uniquely associated with the Indian sub-continent. While social arrangements producing similar effects have existed in other parts of the world, the exact form has not been found elsewhere. Although it is an institution characteristic of Hindu society, caste has spread to the major non-Hindu communities of the Indian sub-continent."

Differentiate between Varna and Jati. *1+1=2*

**25.** "Each one of us is born into a family, and most of us spend long years within it. Usually we feel very strongly about our family. Sometimes we feel very good about our parents, grandparents, siblings, uncles, aunts and cousins, whereas for others, we don't."

Explain the various forms of family on the basis of dominance. *1+1=2*

## SECTION C

**26.** "The imperatives of 'development' have governed attitudes towards tribes and shaped the policies of the state."

Highlight the sources of conflict between national development and tribal development. *4*

**27.** "It is true that hard work matters, and so does individual ability. If all other things were equal, then personal effort, talent and luck would surely account for all the differences between individuals. But, as is almost always the case, all other things are not equal.

In every society, some people have a greater share of valued resources – money, property, education, health, and power – than others."

Explain how the social resources are divided into three forms of capital. Can these forms of capital overlap ? Give reasons for your answer. *1+1+1+1=4*

**28.** (क) "भारत में सस्ते यूरोपीय कपड़ों के थान और बर्तनों का अबाध और तीव्र गति से आयात और पश्चिमी रूपरेखा वाले उद्योगों के भारत में ही लग जाने के बाद भारत के ग्रामीण उद्योगों का लगभग सफ़ाया ही हो गया।"

ब्रिटिश औद्योगीकरण ने भारत के कुछ क्षेत्रों में औद्योगिक क्षरण (डीइंडस्ट्रियलाइज़ेशन) को कैसे जन्म दिया ? *4*

**अथवा**

(ख) आज़ादी के बाद भारत में नगरीकरण की प्रक्रिया का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखने लगा था। नगरीकरण अनेक प्रकारों से हो रहा था। इस पर विचार व्यक्त करते हुए समाजशास्त्री एम.एस.ए. राव ने लिखा है कि भारत के कई गाँव भी तेज़ी से बढ़ रहे नगरीय प्रभाव में आ रहे थे।

एम.एस.ए. राव द्वारा दी गई शहरी प्रभाव की अलग-अलग स्थितियों की व्याख्या कीजिए।

**29.** घर पर कार्य करने वाले लोगों को चीज़ों के नग (पीस) के हिसाब से पैसे दिए जाते हैं। बीड़ी उद्योग का उदाहरण देते हुए, इस अवधारणा को समझाइए। *4*

**30.** "अनुष्ठानों में धर्मानरपेक्ष लक्ष्यों से अलग धर्मानरपेक्ष आयाम भी होते हैं।" स्पष्ट कीजिए। *4*

**31.** "हम सब एक समुदाय के सदस्य के रूप में बड़े होते हैं जिससे हर अपने 'समुदाय' जाति, 'वर्ग' या 'लिंग' के बारे में ही नहीं बल्कि इसके अलावा दूसरों के बारे में भी धारणाएँ बनाते हैं। यह धारणाएँ पूर्वाग्रह से ग्रस्त होती हैं।"

पूर्वाग्रह क्या हैं ? क्या वे केवल नकारात्मक हो सकते हैं ? अपने उत्तर का कारण दीजिए। *2+2=4*

**32.** "हमने देखा कि अधिकतर क्षेत्रों में भू-सुधार का ग्रामीण समाज तथा कृषिक संरचना पर एक सीमित प्रभाव ही है। इसके विपरीत 1960 – 70 के दशकों की हरित क्रांति द्वारा उन क्षेत्रों में जहाँ यह प्रभावशाली रही, महत्त्वपूर्ण परिवर्तन हुए।"

हरित क्रांति तथा उसके सामाजिक परिणामों की व्याख्या कीजिए। *1+3=4*

**28.** (a) "The extensive importation of cheap European piecegoods and utensils, and the establishment in India itself of numerous factories of the Western type, have more or less destroyed many village industries."

How did British industrialization lead to deindustrialisation in some sectors of India ? *4*

**OR**

(b) Writing on the different kinds of urbanisation after independence, sociologist M.S.A. Rao argued that in India many villages all over India are becoming increasingly subject to the impact of urban influences.

Explain the different situations of urban impact as given by M.S.A. Rao.

**29.** Home workers are paid on piece-rate basis. Using the example of the Bidi industry, explain the concept. *4*

**30.** "Rituals have also secular dimensions as distinct from secular goals." Explain. *4*

**31.** "Each of us grows up as a member of a community from which we acquire ideas not just about our 'community', our 'caste' or 'class', our 'gender', but also about others. Often these ideas reflect prejudices."

What are Prejudices ? Can they only be negative ? Give reasons for your answer. *2+2=4*

**32.** "We saw that land reforms have had only a limited impact on rural society and agrarian structure in most regions. In contrast the Green Revolution of the 1960s and 1970s brought about significant changes in the areas where it took place."


Explain the Green Revolution and its social consequences. *1+3=4*

## खण्ड घ

**33.** (क) जनसंख्या पिरामिड जनसंख्या अनुमान लगाने में कैसे मदद करते हैं ? *2*

(ख) 'जनसांख्यिकीय लाभांश' से भारत को कैसे लाभ मिलता है ? अपने उत्तर के समर्थन में चार बिंदु लिखिए। *4*

**भारत 2026**





***नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए (प्र.सं. **33** के स्थान पर) है :*

आयु समूह पिरामिड आयु समूह संबंधी आँकड़ों के अधिक विस्तृत ब्यौरे देते हैं । इन पिरामिडों में पुरुषों के लिए (बाईं ओर) और स्त्रियों के लिए (दाहिनी ओर) अलग-अलग आँकड़े दिए गए हैं और उनके बीच में संबद्ध पंचवर्षीय आयु समूह हैं । पिरामिड में आयु समूह सबसे नीचे 0 – 4 वर्ष वाले समूह से शुरू होकर सबसे ऊपर 80 वर्ष और उससे अधिक के आयु समूह तक दिए गए हैं।

## SECTION D

**33.** (a) How do population pyramids help make population projections ? *2*

(b) How does India benefit from 'demographic dividend' ? Write four points to support your answer. *4*




***Note :*** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidate*** *only (In lieu of Q.No.* ***33****) :*

The age group pyramid provides a much more detailed version of the age. The data are given separately for males (on the left side) and females (on the right side) with the relevant five-year age group in the middle. The age group begins from 0 – 4 years at the bottom of the pyramid and goes on to the 80 years and above age group at the top.

2026 वाला पिरामिड संबंधित आयु समूहों के अनुमानित भावी आकार की व्याख्या करता है, जो प्रत्येक आयु समूह की पुरानी सवृद्धि दरों के आँकड़ों पर आधारित है । जैसे-जैसे अधिकाधिक लोग वृद्धावस्था तक जीवित रहने लगते हैं, तो पिरामिड का सबसे ऊपरी हिस्सा चौड़ा होता जाता है और जैसे-जैसे जन्म दर के नए मामले अपेक्षाकृत कम होते जाते हैं पिरामिड का सबसे निचला हिस्सा सँकरा होता जाता है । पिरामिड के बीच का हिस्सा बराबर चौड़ा होता जाता है, क्योंकि कम जनसंख्या में इसका हिस्सा बढ़ता जाता है । इससे बीच वाले आयु समूहों में एक ‘उभार’ बन जाता है, जो 2026 के पिरामिड में पाया जाता है । इसी उभार को ‘जनसांख्यिकीय लाभांश’ कहा जाता है ।

(क) जनसंख्या पिरामिड जनसंख्या अनुमान लगाने में कैसे मदद करते हैं ? *2*

(ख) ‘जनसांख्यिकीय लाभांश’ से भारत को कैसे लाभ मिलता है ? अपने उत्तर के समर्थन में चार बिंदु लिखिए। *4*

**34.** पर्यावरण आंदोलन प्राय: आर्थिक एवं पहचान के मुद्दों को भी साथ लेकर चलते हैं। विवेचना कीजिए। *6*

**35.** ‘आत्मसात्करणवादी’ और ‘एकीकरणवादी’ नीतियों के बीच का अंतर बताइए। प्रासंगिक उदाहरणों के साथ रणनीतियों पर चर्चा कीजिए। *2+4=6*

The pyramid for 2026 is the estimated future size of the relevant age groups based on data on the past rates of growth of each group. The pyramids highlight the effect of a gradual fall in the birth-rate and rise in life expectancy. As more and more people begin to live to an old age, the top of the pyramid grows wider. As relatively fewer births take place the bottom of the pyramid grows narrower. The middle of the pyramid grows wider and wider as its share of the total population increases. This creates a 'bulge' in the middle age group that is found in the pyramid for 2026. This is what is referred to as 'Demographic Dividend'.

(a) How do population pyramids help make population projections ? *2*

(b) How does India benefit from 'demographic dividend' ? Write four points to support your answer. *4*

**34.** Environmental movements often also contain economic identity issues. Discuss. *6*

**35.** Differentiate between assimilationist and integrationist policies. Discuss the strategies with relevant examples. *2+4=6*